pan>

Title: Need to ban tax on the medicines for easy availability to people.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार का ध्यान दवाइयों पर लगने वाले टैक्स की तरफ दिलाना चाहूंगा। इस देश में दवाइयों पर भारी-भरकम टैक्स लग रहा है। इस देश में दवाइयों पर 6 प्रतिशत से लेकर 18 प्रतिशत टैक्स लगता है। केन्द्र सरकार ने आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कई लाभकारी योजनाओं की शुरूआत की है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत और प्रधान मंत्री जन स्वास्थ्य केन्द्रों पर अनेक दवाइयों का संचालन किया जा रहा है, जिससे आम जनता को सस्ती और गुणवत्ता युक्त दवाइयां मिल सकें। राजस्थान के मुख्य मंत्री ने राजस्थान में भामाशाह योजना की शुरूआत करके नि:शुल्क दवाइयां देने का काम किया है, जिसमें 500 करोड़ रुपये के बजट का भी प्रावधान किया है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि छ: प्रतिशत से लेकर 18 प्रतिशत तक दवाइयों पर जो टैक्स लगा है, उसे टैक्स फ्री किया जाए, ताकि आम को लोगों दवाइयां मिल सके।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Dr. Manoj Rajoria and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Nihal Chand.